News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-254
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
किसी के चेहरे की मुस्कुराहट की वजह ही बनो... खुशी ही नहीं सुकून भी मिलेगा। ...

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, मंगलवार, 19 दिसम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

## बगीचे में ले गए, चिल्लाती रही महिला, 4 युवक ने बारी-बारी से किया रेप




**पटना.** बिहार की राजधानी पटना से सटे बिक्रम थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. मिली जानकारी के अनुसार बिक्रम नवोदय विद्यालय के पीछे धान के खेत में काम कर रही एक 26 वर्षीय महिला को चार युवकों ने जबरन खींचकर पास के बगीचे में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया. इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. पीड़िता ने बिक्रम थाना में घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई है. बताया जा रहा है कि सामूहिक दुष्कर्म की इस घटना को धान बांधने के दौरान अंजाम दिया गया है. पीड़ित महिला ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह नवोदय विद्यालय के पास खेत में धान का बोझा बांध रही थी. उसी दौरान चार युवक वहां पहुंचे और जबरन उसे खींचकर पास के बगीचे में ले गए. वहां उन्होंने महिला के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया. इस दौरान महिला ने शोर भी मचाया, लेकिन उसकी आवाज सुनने वाला वहां कोई नहीं था.

**आरोपियों में से एक की हुई पहचान**

महिला ने पुलिस को बताया कि चार में से एक आरोपी को उसने पहचान लिया है. वह बिक्रम का ही निवासी है. बाकी तीन आरोपियों को वह देखकर पहचान सकती है. घटना के वक्त अन्य मजदूर भी वहां काम कर रहे थे. लेकिन वे ट्रैक्टर पर धान का बोझा गिराने खलिहान की ओर चले गए थे. इसी दौरान यह घटना हुई. घटना की जानकारी मिलते ही बिक्रम थाना प्रभारी दीपक कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी. उन्होंने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है और उसके बयान को भी दर्ज किया गया है.

**घटना के बाद गुस्से में ग्रामीण**

प्रभारी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए हैं. आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. वहीं इस घटना के बाद से क्षेत्र के लोग गुस्से में हैं। ग्रामीणों ने दोषियों को जल्द पकड़ने और सख्त सजा देने की मांग की है. महिला सुरक्षा को लेकर भी लोगों ने सवाल उठाए हैं. पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत दें, ताकि आरोपियों को पकड़ा जा सके. साथ ही पुलिस ने यह भी आश्वासन दिया कि पीड़िता को न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी.

## धनबाद और नासिक के बीच चलाई जाएगी स्पेशल ट्रेन

### दानापुर से बेंगलुरू यात्रियों के लिए खुशखबरी

यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु कतरासगढ़-चन्द्रपुरा-बोकारो थर्मल-गोमिया-रांची रोड-बरकाकाना-पतरातू-खलारी-टोरी-लातेहार-बरवाडीह-डाल्टनगंज-गढ़वा रोड-रेणुकुट-चोपन-सिंगरौली के रास्ते धनबाद और नासिक रोड के मध्य एक पूर्णत: वातानुकूलित स्पेशल ट्रेन 03397/03398 का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 20 कोच होंगे।




गाड़ी संख्या 03397 धनबाद-नासिक रोड स्पेशल दिनांक 20.12.24 से 31.12.24 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को धनबाद से 23.00 बजे खुलकर क्रमश: गुरुवार एवं रविवार को 09.00 बजे नासिक रोड पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03398 नासिक रोड-धनबाद स्पेशल दिनांक 22.12.24 से 02.01.25 तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को नासिक रोड से 11.00 बजे खुलकर क्रमश: शुक्रवार एवं सोमवार को 21.00 बजे धनबाद पहुंचेगी।

यह स्पेशल देश के विभिन्न राज्यों (जैसे झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र) को जोड़ेगी तथा कई मुख्य शहरों (जैसे-धनबाद, बरकाकाना, डाल्टनगंज, सिंगरौली, जबलपुर, नासिक रोड) में रूकेगी। इससे न केवल लोगों को आवागमन की सुविधा होगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस मार्ग से लोग को महत्वपूर्ण तीर्थ स्थानों जैसे त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग जाने में भी सुविधा होगी।

**दानापुर और बेंगलुरू के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर-पेरम्बूर-काटपाडी के रास्ते दानापुर और एसएमभीबी, बेंगलुरू के मध्य एक जोड़ी पूर्णत: वातानुकूलित स्पेशल ट्रेन 03351/03352 का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 15 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 03351 दानापुर-एसएमभीबी, बेंगलुरू स्पेशल दिनांक 22.12.24 एवं 29.12.24 रविवार को दानापुर से 15.00 बजे खुलकर 15.29 बजे आरा, 16.20 बजे बक्सर, 17.50 बजे डीडीयू, 20.25 बजे प्रयागराज छिवकी सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए मंगलवार को 14.30 बजे एसएमभीबी, बेंगलुरू पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03352 एसएमभीबी, बेंगलुरू-दानापुर स्पेशल दिनांक 24.12.24 एवं 31.12.24 मंगलवार को एसएमभीबी, बेंगलुरू से 23.50 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए गुरुवार को 17.45 बजे प्रयागराज छिवकी, 20.55 बजे डीडीयू, 22.07 बजे बक्सर, 22.51 बजे आरा रूकते हुए 23.55 बजे दानापुर पहुंचेगी। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा टेकनीशियन पद हेतु आयोजित की जा रही परीक्षा के मद्देनजर कोडरमा-गोमो-धनबाद-बोकारो स्टील सिटी-मुरी के रास्ते गया और रांची के मध्य एक जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेन 03640/03639 का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 03640 गया-रांची परीक्षा स्पेशल दिनांक 19, 22, 23, 25, 26, 27, 28 एवं 29 दिसंबर, 2024 को गया से 14.45 बजे खुलकर 15.55 बजे कोडरमा, 16.28 बजे हजारीबाग रोड, 16.50 बजे पारसनाथ, 17.30 बजे नेसुब गोमो, 18.30 बजे धनबाद, 19.15 बजे कतरासगढ़, 19.58 बजे चन्द्रपुरा, 20.35 बजे बोकारो स्टील सिटी एवं 21.40 बजे मुरी रूकते हुए 23.00 बजे रांची पहुंचेगी।

वापसी में, गाड़ी संख्या 03639 रांची-गया परीक्षा स्पेशल दिनांक 21, 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31 दिसंबर, 2024 को रांची से 00.30 बजे खुलकर 01.30 बजे मुरी, 02.50 बजे बोकारो स्टील सिटी, 03.35 बजे चन्द्रपुरा, 04.10 बजे कतरासगढ़, 04.50 बजे धनबाद, 05.35 बजे नेसुब गोमो, 05.55 बजे पारसनाथ, 06.18 बजे हजारीबाग रोड एवं 06.50 बजे कोडरमा रूकते हुए 08.30 बजे गया पहुंचेगी।

### गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला शहर

## प्रॉपर्टी डीलर को बदमाशों ने मारी गोली, इलाज के दौरान मौत

**बक्सर**. बक्सर जिले में बुधवार देर शाम अत्यधिक भीड़भाड़ वाला इलाका गोलियों की तड़ताड़ाहट से दहल उठा। नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड कवलदह पार्क के समीप अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने जमीन कारोबारी हृदय नारायण यादव को गोली मार दी। गोली लगने से जख्मी जमीन कारोबारी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी शुभम आर्य और सदर एसडीपीओ धीरज कुमार पहुंच गए। इस दौरान डीआईओ और एफएसएल की टीम के साथ भारी संख्या में पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। वहीं, घटना स्थल से पुलिस ने दो खोखा और जिंदा कारतूस बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार, नगर के मुसाफिरगंज मोहल्ले के वार्ड-14 निवासी हरिनारायण यादव के 47 वर्षीय पुत्र हृदय नारायण यादव जमीन का कारोबार करता था। शाम लगभग साढ़े छह बजे बाइक से शहर जाने



के लिए निकले थे। कमलदह पोखरा के पास स्थित एक दुकान के पास अपनी बाइक खड़ी कर रहे थे, तभी बाइक खड़ी करने के दौरान ही एक युवक मुंह में मफलर बांधे मौके पर पहुंचा और ताबड़तोड़ दो गोली मार दी।

गोली लगने से जख्मी जमीन कारोबारी सड़क पर गिर पड़े। अचानक गोली चलने से आसपास के दुकानदार भी सकते में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही उनका भतीजा धर्मेंद्र मौके पर पहुंचा और आसपास के लोगों के साथ तत्काल इलाज के लिए लेकर सदर अस्पताल पहुंचा। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जानने वालों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंचे एसपी शुभम आर्य ने बताया कि जमीन कारोबारी को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारी गई है। मौके से दो खोखे बरामद किया गया है। वहीं, घटना स्थल पर पुलिस टीम पहुंच गई है और अपराधियों की पहचान के लिए टीम का गठन किया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। बहुत जल्द इस घटना का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## बिहार के सरकारी स्कूल में अंडा चोरी करते पकड़े गए प्रिंसिपल

**हाजीपुर.** बिहार के हाजीपुर में एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल का वीडियो वायरल हो रहा जिसमें वह अंडा चोरी करते देखे जा रहे हैं। दरअसल यह अंडा मिड डे मील के तहत बच्चों को बांटने के लिए आया था। जिसमें से कुछ अंडे प्रिंसिपल बैग में भरकर घर ले जाते पकड़े गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने आरोपी प्रिंसिंपल को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा है।

**अंडा बैग में भरकर ले जाते पकड़े गए प्रिंसिपल**

यह हैरान करने वाला वीडियो हाजीपुर लालगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय रिखर का है। आरोप है कि स्कूल के प्रधानाध्यापक सुरेश सहनी बच्चों के बीच बांटे जाने वाली मध्यान भोजन का अंडा बैग में भरकर घर ले जा रहे थे। स्कूल के ही एक टीचर ने इसका वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। वायरल वीडियो 12 दिसंबर का बताया जा रहा है।

**जिला शिक्षा अधिकारी ने लिखित में मांगा जवाब**

वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने अंडा चोर हेड मास्टर से स्पष्टीकरण मांगा है। उचित जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की जा सकती है। वीडियो वायरल होने के बाद और स्कूल के कुछ छात्र और आसपास के ग्रामीण भी स्कूल पहुंचकर सुरेश सहनी से बहस किए और ऐसा न करने की चेतावनी दी। बता दें कि बिहार में कड़ाके ठंड पड़ रही है जिसको देखते हुए सरकार द्वारा मध्यान भोजन में बच्चों को उबला हुआ अंडा उपलब्ध करा रही है ताकि ठंड से राहत हो और बच्चों को प्रोटीन मिले। लेकिन स्कूल के प्रिंसिपल अपनी ही झोली भरने में लग गए। अपने बचाव में आरोपी प्रधानाध्यापक सुरेश सहनी का कहना है कि हम वह अंडा अपने साथ नहीं ले गए। खाना परसने वाली रसोइया को दे दिया था। वहीं, रसोईया ने साफ तौर पर कहा है कि हम अंडा ले जाकर ऑफिस में रख दिए थे। अंडा चोरी के मामले में स्कूल के प्रधानाध्यापक और रसोईया आमने-सामने हैं।

वैशाली जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक और कार्यक्रम अधिकारी को साफ लिखित निर्देश दिया गया है कि आप जल्द ही इस वायरल वीडियो और खबर पर अपना स्पष्टीकरण दें। नहीं तो करवाई की जाएगी।

### गृहमंत्री के आबेंडकर पर दिए बयान पर हंगामा

## राजद ने कहा- शाह ने 90% लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई

**पटना**. गृहमंत्री अमित शाह की ओर से लोकसभा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। इस बयान के खिलाफ जहानाबाद में राजद कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रतिशोध मार्च निकाला और अरवल में अमित शाह का पुतला फूंका।

**राजद विधायक ने की कड़ी निंदा**

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे स्थानीय विधायक सुदय यादव ने गृह मंत्री के बयान को 'अत्यंत निंदनीय' करार दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने भारत के संविधान का निर्माण कर देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया।

गरीब, पिछड़े और दलित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए उनके प्रयासों को दुनिया सलाम करती है। ऐसे महान व्यक्ति के खिलाफ बयान देकर गृहमंत्री ने देश के 90त्न लोगों




की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

**आंदोलन की चेतावनी**

सुदय यादव ने चेतावनी दी कि अगर गृह मंत्री अमित शाह अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगते, तो राजद एक बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि यह पुतला दहन सिर्फ एक संदेश है कि बाबा साहेब आंबेडकर गरीबों और दलितों के मसीहा हैं।

**बयान पर क्या है विवाद?**

हालांकि, अमित शाह ने लोकसभा में कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर...। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। इस बयान को लेकर राजद ने आरोप लगाया है कि इस बयान से बाबा साहेब के योगदान और उनके आदर्शों पर सवाल उठाए गए हैं।

**बाबा साहेब के योगदान का जिक्र**

विधायक सुदय यादव ने बाबा साहेब के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने संविधान निर्माण के जरिए गरीब, दलित और पिछड़े वर्गों को समानता और न्याय का अधिकार दिलाया। समाज के दबे-कुचले वर्ग को आरक्षण देकर मुख्यधारा में लाने का काम किया। अंबेडकर ने भारत को एक ऐसा मार्गदर्शन दिया, जिससे देश आज भी विकास कर रहा है।

**राजद का स्पष्ट संदेश**

राजद कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदर्शन के जरिए यह संदेश दिया कि बाबा साहेब आंबेडकर के खिलाफ किसी भी तरह की टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए उन्होंने कहा कि जो आंबेडकर का अपमान करेगा, वो देशद्रोही कहलाएगा।

## पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जेनरल बोगी के निचले हिस्से में लगी आग, मची अफरातफरी

पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन (22972) के जेनरल बोगी के निचले हिस्से में बुधवार (18 दिसंबर) की रात आग लग गई. डुमरांव स्टेशन से पहले यह घटना हुई जिसके चलते यात्रियों के बीच अफरातफरी का माहौल हो गया. सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और फिर.आग पर काबू पाया जा सका. इस तरह एक बड़ा हादसा टल गया. बताया जा रहा है कि पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस बक्सर के टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन से रात करीब एक बजे गुजर रही थी. उसी वक्त स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात रेलवे कर्मचारियों ने जेनरल बोगी के निचले हिस्से में लगी आग की लपटों को देखा. इसकी सूचना उन्होंने तुरंत रेलवे कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को दी. इसके बाद ट्रेन को अगले स्टेशन पर (डुमरांव) रोक दिया गया. यहां फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने आग पर काबू पाया. मिली जानकारी के अनुसार, आग ट्रेन के एलएचबी कोच के पहिए और एक्सेल के बीच लगी थी. रेलवे अधिकारियों के निर्देश पर पानी का इस्तेमाल नहीं किया गया, ताकि चक्का और कूलेंट जाम न हो जाए. फायर एक्सटिंग्विशर सिलेंडर का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया गया. घटना के बाद ट्रेन के जिस बोगी में आग लगी थी, उसे अन्य बोगियों से अलग कर दिया गया. इसके बाद ट्रेन को तीन घंटे बाद बांद्रा के लिए भेजा गया.

इस पूरे मामले पर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार ने फोन पर बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है. घटना के समय फायर ब्रिगेड और रेलवे स्टाफ की तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई. आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने यह भी कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है. घटना के वक्त अधिकारियों की तत्परता से बड़ा हादसा टला है.